हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024




# दसवीं और बारहवीं परीक्षा के लिए दो दर्जन एक्सपर्ट टीचर ने तैयार किया प्रश्न बैंक

## जिलेभर की सरकारी स्कूलों में शुरू होगी परीक्षा की तैयारियां, स्थिति सुधारने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

मार्च माह में होने वाली कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के लिए शिक्षा विभाग ने अपनी कवायद शुरू कर दी है। एक तरफ जहां विद्यार्थियों से कोर्स को पूरा कराया जा रहा है। वहीं पहली बार विद्यार्थियों की सहुलियत के लिए एक प्रश्न बैंक भी तैयार किया गया है। जिले के करीब दो दर्जन एक्सपर्ट टीचर के जरिये तैयार कराए गए इस प्रश्न बैंक को अब जिले की सभी सरकारी स्कूलों में भेजकर शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों से हल कराया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आगामी मार्च माह में आयोजित की जाने वाली बोर्ड की वार्षिक परीक्षा की तैयारियां जिले की सरकारी स्कूलों में शीघ्र शुरू की जाएगी। दीपावली अवकाश के समाप्त होते ही शिक्षा महकमे ने सरकारी स्कूलों में कोर्स को पूरा कराने की कवायद शुरू कर दी है। इस बीच जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर जिले के करीब दो दर्जन एक्सपर्ट टीचर के जरिये एक प्रश्न बैंक तैयार कराया है। पिछले दिनों प्यारेलाल हाईस्कूल परिसर में पहुंचे इन एक्सपर्ट टीचर ने कई घंटों तक मैराथन मंथन करने के बाद यह प्रश्न बैंक तैयार किया है। इस प्रश्न बैंक में बोर्ड परीक्षा में आने वाले संभावित प्रश्नों को शामिल किया गया है। बताया जाता है कि प्रश्न बैंक को अब जिले की सकूलों में भेजने की तैयारी है।

### प्रश्न बैंक में डेढ़ सौ प्रश्न

विगत सालों में बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते जिले के एक्सपर्ट टीचरों ने हर विषय के टॉप डेढ़ सौ ऐसे प्रश्न इस अभ्यास पुस्तक में शामिल किए हैं, जिनके वार्षिक परीक्षा में पूछे जाने की अधिक संभावना है। दसवीं के लिए करीब साठ पेज और बारहवीं के लिए सत्तर पेज का प्रश्न बैंक तैयार किया गया है। इस प्रश्न बैंक में लघु, दीर्घ और वैकल्पिक प्रश्न भी शामिल किए गए हैं।



### माशिमं की तर्ज पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा

जिला शिक्षा विभाग ने इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल की तर्ज पर जिले में अर्द्धवार्षिक परीक्षा कराने की तैयारी की है। कक्षा पहली से आठवीं और कक्षा 9वीं से 12वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिए तीन-तीन सेट तैयार कराए जा रहे हैं। एक ही समय में सभी स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा होगी।

### हर विस से एक एक्सपर्ट टीचर

प्रश्न बैंक को तैयार कराने के लिए शिक्षा महकमे ने हर विकासखंड के एक-एक शिक्षक को शामिल किया था। हर संकाय के एक-एक एक्सपर्ट टीचर को राजनांदगांव तलब कर यह प्रश्न बैंक तैयार किया गया है। इस प्रश्न बैंक की फोटोकापी को अब स्कूलों में भेजा जा रहा है। खास बात यह है कि शिक्षक पहले स्कूलों में इस प्रश्न बैंक के आधार पर विद्यार्थियों को अध्ययन कराएंगे और बाद में इसकी कापी बच्चों को उपलब्ध कराई जाएगी।

---

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा, 11 दिसंबर को प्रकाशन

# 11 दिसंबर के बाद लगेगी नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

परिसीमन के खिलाफ हाईकोर्ट में लगी याचिका के कारण जिन निकायों में मतदाता सूनी पुनरीक्षण कार्यक्रम नहीं हो पाए थे, अब वहां के लिए भी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। एक अक्टूबर को 18 साल की उम्र पूरा करने वाले नए मतदाता भी अपना नाम अब जुड़वा सकेंगे। आज से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम के तहत 11 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। ऐसे में इसके बाद ही निगम चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होगी, इससे पहले चुनाव होना संभव नहीं है। चुनाव की तैयारी कर रहे जनप्रतिनिधियों को थोड़ा और समय मिल जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव सहित पांच जिलो के लिए यह कार्यक्रम जारी किए गए है। दिवाली बाद से ही नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। पार्षद से लेकर अन्य पदों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नेताओं ने अपना जनसंपर्क भी बढ़ा दिया है। इस बीच बुधवार 6 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, नाम संशोधन जैसे कामों के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह कार्यक्रम आगामी 11 दिसंबर तक चलेंगे, ऐसे में चुनाव की तारीख का ऐलान भी इसके बाद ही किया जाएगा।

### खास बातें

- परिसीमन पर स्टे के कारण नहीं हो पाया था पुनरीक्षण
- एक अक्टूबर को 18 साल की आयु पूरा करने वाले भी जुड़वा सकेंगे अपना नाम



**रूका था कार्यक्रम :** ज्ञात हो कि 23 जुलाई को परिसीमन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसके कारण परिसीमन की प्रक्रिया पर भी स्टे लग गया था, लेकिन हाल ही में हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया है। ऐसे में परिसीमन को लेकर भी रास्ता साफ हो गया है। परिसीमन में स्टे होने के कारण ही राजनांदगांव निगम क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम नहीं हो पाया था, लेकिन अब यह कार्यक्रम की भी घोषणा कर दी गई है।

### 18 से दावा-आपत्ति की प्रक्रिया

जारी कार्यक्रम के अनुसार 18 नवंबर से मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही दावा-आपत्ति का दौर शुरू हो जाएगा। 25 नवंबर तक दावा-आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। जिसके बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 नवंबर तक होगा। जितने भी फार्म नाम जुड़वाने, संशोधन एवं विलोपन के लिए आएंगे, उनको 7 दिसंबर तक सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। 11 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### परिसीमन का पेंच हटा, अब प्रकाशन

राजनांदगांव नगर निगम को लेकर किए गए परिसीमन के विरुद्ध हाईकोर्ट में दायर याचिका खारिज होने के बाद अब परिसीमन के अंतिम प्रकाशन को लेकर भी रास्ता साफ हो गया है। ऐसे में राज्य शासन द्वारा प्रकाशन किए जाने के बाद नए बदलाव के अनुसार ही निगम में पार्षदों का चुनाव होगा। ज्ञात हो एक नया वार्ड बनाने के साथ ही एक वार्ड विलोपित किया गया है। इसके अलावा दो दर्जन वार्डों की सीमाओं में भी बदलाव किया गया है।

### पिछली बार 25 नवंबर को हुई थी घोषणा

पांच साल पहले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश में 25 नवंबर को घोषणा की गई थी। वहीं दिसंबर के दूसरे सप्ताह में मतदान के बाद 23 दिसंबर को चुनाव के परिणाम भी सामने आ गए थे। हालांकि इस बार इसमें कुछ देरी संभव है। सूत्रों की माने तो दिसंबर के दूसरे सप्ताह बाद कभी भी चुनाव की तारीखे घोषित की जा सकती है। वहीं जनवरी के पहले सप्ताह तक परिणाम सामने आ जाएंगे।

---

## चार सूत्रीय मांग को लेकर किसानों ने किया आंदोलन

# रबी में धान फसल पर प्रशासन की रोक से किसान खफा, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला किसान संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा निकालकर मुख्यमंत्री निवास रायपुर पहुंचने की तैयारी में थे, जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाईश दी। यह यात्रा अंजोरा तक निकली, इसके बाद किसानों का प्रतिनिधि मंडल रायपुर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान बडी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

जिला किसान संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए ध्यानाकर्षण यात्रा निकालने के लिए बुधवार को कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह से एकत्र होने लगे थे। यहां बड़ी संख्या में जिला किसान संघ के पदाधिकारी सहित अंचल के किसान पहुंचे हुए थे। मंडी परिसर में किसान नेता सुदेश टीकम ने किसानों को मांग के संबंध में सबोधित किया।

इधर किसानों के इस प्रदर्शन को देखते हुए मंडी परिसर में पुलिस अधिकारी एवं जवानों की तैनाती की गई थी। मौके पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने किसानों को समझाईश देने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी यात्रा निकालने को अडिग रहे, जिस पर मौके पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी पहुंचे। यहां किसान नेता ने अपनी मांगों को दोहराते मांगों पर मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराने रायपुर तक यात्रा निकलने की बात कही, जिस पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने किसान नेता एवं किसानों को समझाईश दी, जिस पर रायपुर तक यात्रा टली, किसानों का प्रतिनिधि मंडल अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मांगों पर ध्यानाकर्षण कराएंगे। यात्रा अंजोरा तक रही। इसके पश्चात किसानों का प्रतिनिधि मंडल रायपुर के लिए रवाना हुआ।



### किसानों ने दिखाई नाराजगी

प्रशासन ने रबी सजीन में धान की खेती करने पर रोक लगा दी है। धान की खेती करने पर जुर्माना भी तय किया गया है। ऐसे में किसानो ने प्रदर्शन कर स्थानीय स्तर पर रबी फसल धान के लिए हतोत्साहित नहीं करने की मांग रही। रबी फसल से संबंधित विषय पर प्रशासनिक अधिकारी ने विस्तार से किसानों को समझाईश दी, जिसे किसानों ने स्वीकार किया। इस मौके पर जिला किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम, मोती सिन्हा, मदन साहू सहित बड़ी संख्या में किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों की उपस्थिति रही।

### इन मांगों पर कराया ध्यानाकर्षण

प्रमुख मांगो में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने, धान के समर्थन मूल्य में केन्द्र सरकार द्वारा 117 रुपए की वृद्धि की गई है। इसका लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिलना सुनिश्चित करते 3217 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान का भुगतान सुनिश्चित करने एवं विगत वर्षों 1 नवंबर से 31 नवंबर तक तीन महीने समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई थी। इस वर्ष 15 दिन विलंब से धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ की जा रही है। जिसकी खरीदी अवधि में कटौती न करते 15 फरवरी तक धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की है।

---

## महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिला से छेड़छाड़ करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 नवंबर को महिला को घर में अकेली जानकर आरोपी खेमलाल जंघेल द्वारा महिला के साथ छेड़खानी किया गया। जिसकी लिखित शिकायत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश गौतम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना छुईखदान प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेंदले के नेतृत्व में आरोपी की पता तलाश की गई। आरोपी खेमलाल जंघेल उर्फ चंदू 25 साल को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

## दीपावली मिलन 10 को

**राजनांदगांव।** नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 10 नवंबर को भरकापारा स्थित सामुदायिक भवन में दोपहर 2 बजे किया जा रहा है। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि इस आयोजन का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के सफल आयोजन एवं आने वाले सामाजिक कार्यक्रम पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पदाधिकारीगण, वरिष्ठगण, संरक्षकगण, गौटियागण, महिला मंडल, युवा मंडल, वार्ड अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# खरीदी से लेकर मिलिंग तक में रहेगी केंद्र की नजर

## धान खरीदी : 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी तो धान रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी महज कुछ दिन शेष है। 14 नवंबर से प्रदेश सरकार धान खरीदी करने जा रही है। बावजूद कम समय होने की वजह से किसानों की चिंता धान में नमी के प्रतिशत को लेकर है। शासन ने तय किया है कि यदि 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी धान में मिलेगी तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाएगा। वहीं इस बार धान खरीदी से मिलिंग तक इस बार केंद्र सरकार की नजर रहेगी। पहली बार ऐसी मानिटिरिंग केंद्र स्तर पर होने जा रही है।

केंद्र सरकार ने धान खरीदी व चावल परिवहन के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। निर्देश हैं कि सभी मिलर्स परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों को भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल से जोड़ना अनिवार्य कर दिया है। परिवहन वाले सभी वाहनों के लोकेशन ट्रेंकिंग डिवाइस भी लगाना जरूरी है। इसकी हर दिन मानिटरिंग की जाएगी। वाहनों में लोकेशन डिवाइस काम 5 नवंबर से शुरू करने के निर्देश हैं।

### इस वजह से मॉनिटरिंग

सूत्रों के मुताबिक कस्टम मिलिंग पर भी केंद्र सरकार नजर रखने जा रही है। चूंकि समर्थन मूल्य केंद्र सरकार घोषित करती है और उसके आधार पर खरीदी होती है। ऐसे में धान खरीदी की मानिटरिंग इस बार केंद्र सरकार की तरफ से करने की तैयारी की जा रही है। इसकी एक बड़ा कारण नियमित मानिटरिंग नहीं किए जाने से धान खरीदी और मिलिंग में होने वाली गड़बड़ियां हैं।



### दोष सिद्ध मिलरों के पंजीयन पर लगेगी रोक

केंद्र सरकार के धान खरीदी की इस बार सख्त नियम से मिलरों की दिक्कतें बढ़ सकती है। खासकर ऐसे मिलर्स जो तीन साल के भीतर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत किसी अपराध में दोष सिद्ध पाए गए हैं तो उनका पंजीयन किसी भी हालत में नहीं किया जा सकेगा। इस पर रोक लगा दी गई है। ऐसे सख्त नियम से कई मिलर बाहर भी हो सकते हैं।

### इस बार ऐसे होगा भौतिक सत्यापन

धान खरीदी के बाद इस बार कड़े नियम में राज्य और एफसीआई के अधिकारियों को संयुक्त रूप से खरीदी केंद्र, संग्रहण केंद्र और राईस मिलों का भौतिक सत्यापन करना है। मिल में भौतिक सत्यापन के लिए एसओपी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करना है। इसमें चेक लिस्ट और वीडियोग्राफी भी जरूरी कर दिया गया है। इसके अलावा राईस मिल के मालिकों द्वारा हर महीने जमा कुल सीएमआर की एंट्री करनी होगी। इसकी डाटा एपीआई के माध्यम से सीएफपीपी यानी सेंट्रल फूड प्रिक्योरमेंट पोर्टल में उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

## आज शाम चिखली व स्टेशनपारा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा गौरीनगर रेलवे अंडरब्रिज के पास मेन पाईप लाईन शिप्टिंग कार्य कल कराया जाना है। जिसके कारण कल 7 नवंबर को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि पाईप लाईन शिप्टिंग के कारण वार्ड नं. 5 चिखली, वार्ड नं. 11 स्टेशनपारा, वार्ड नं. 12 स्टेशनपारा शिक्षक नगर, सोलह खोली एवं वार्ड नं. 13 गौरीनगर, महादेव नगर, अचानक नगर में कल गुरुवार शाम के समय पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाएगी। 8 नवंबर से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी। उन्होंने शहर के नागरिकों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते सहयोग करने की अपील की है।

## आज से मानपुर बंद

**मानपुर।** नेशनल हाईवे निर्माण ठेकेदार द्वारा की जा रही लापरवाही की वजह से स्थानीय व्यापारियों एवं आमजनों को धूल एवं अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर स्थानीय व्यापारियों द्वारा अनिश्चितकालीन मानपुर बंद एवं धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया है।

व्यापारियों ने कहा कि नेशनल हाईवे 930 निर्माण में ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण आमजन एवं व्यापारियों को अत्याधिक धूल एवं अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा शहर के बीचों-बीच सड़क की खुदाई कर दी गई है। जिसके चलते धूल के गुबार उड़ रहे हैं। स्थानीय लोंगों ने मांग की है कि ठेकेदार और प्रशासन द्वारा शीघ्र ही कोई समाधान निकाला जाए।

## घाट में भी गंदगी का आलम, लोगों को हो रही परेशानी

# कचरों से पटने लगा ऐतिहासिक बूढ़ासागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर का ऐतिहासिक तालाब बूढ़ासागर के किनारे गंदगी का आलम बना हुआ है। लगातार डाले जा रहे कचरे से तालाब की जहां सौंदर्यता पर असर पड़ रहा है। वहीं आसपास दुर्गन्ध भी फैलने लगी है। जिससे शहरवासियों को चिंता होने लगी है।

शहर में छोटे-बड़े कई तालाब है। जिसकी साफ-सफाई पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संस्कारधानी के पुराने एवं विशाल बूढ़ासागर ऐसा तालाब है, जहां बड़ी संख्या में लोग निस्तारी हेतु पहुंचते हैं।

वहीं कई सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों के लिए भी तालाब पर पहुंचते हैं। शहर की शान बूढ़ासागर के किनारे अब कचरा और गंदगी का आलम बनने लगा है।

### कॉलेज से लगे हिस्से में पसरी गंदगी

तालाब की सौंदर्यता को बनाए रखने के लिए नियमित साफ-सफाई एवं संरक्षण-संवर्धन किए जाने की जरूरत लोग महसूस करने लगे हैं। बताया गया कि तालाब के किनारे-किनारे पचरी में भी गंदगी फैली रहती है। जिससे यहां आने वाले लोगों को हलाकान होना पड़ जाता है। पिछले दिनों पड़ी गर्मी के कारण रात्रि के समय तालाब के पानी में मवेशी भी डूबे हुए देखे जा रहे हैं। इधर कॉलेज के बाजू से रानीसागर तालाब के एक हिस्से में भी इस कदर गंदगी फैली हुई है कि वह गंदगी से पटते जा रहा है।



### साफ-सफाई एवं संरक्षण की जरूरत

उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक तालाब में स्नान, निस्तारी के लिए पहुंते हैं। वहीं कई धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के लिए भी रानीसागर व बूढ़ासागर का उपयोग करते हैं। तालाब की साफ-सफाई पर समय रहते ध्यान न दिया गया तो तालाब के अस्तित्व पर संकट बना रहेगा। जिसकी ओर संबंधित प्रशासन को ध्यान दिया जाना चाहिए।

### तालाब में गंदगी के कारण फैल रही दुर्गंध

चौपाटी क्षेत्र से लगे रानीसागर के किनारे-किनारे डिस्पोजल, कागज के प्लेट सहित अन्य गंदगी व कचरा डाले जाने से तालाब के किनारे कचरों और गंदगी का ढेर ऊपर तक आने लगा है। इसी तरह तालाब के पचरी में भी गंदगी इस कदर फैली हुई है कि आसपास दुर्गन्ध उठने लगा है। पर्याप्त सफाई के अभाव में पूरे रानीसागर के किनारे एवं पचरी के आसपास फैली गंदगी से तालाब का पानी भी प्रदूषित होने लगा है। जिसके प्रति संबंधित प्रशासन का ध्यानाकर्षण शहर के लोगों ने कराया है एवं उचित संरक्षण एवं साफ-सफाई कराए जाने की मांग की है।


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
• शुगर • खांसी • किडनी
• थायराइड • छाती रोग • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365




## खबर संक्षेप

### उल्लास से मनायी दिवाली

**कल्लूबंजारी।** ग्राम पंचायत जयसिंगटोला में धूमधाम से दीपावली एवं गोवर्धन पूजा मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य हेमिन विष्णु साहू, उपसरपंच सुधीर चंद्रवंशी शामिल हुए। पूजा अर्चना के बाद ग्रामीणों ने शीतला मंदिर प्रांगण से लाल, काला, सफेद ध्वजा और बाजे गाजे के साथ गोवर्धन खुंदवाया। रात्रि में लोक गायिका अल्का चंद्राकर का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### डोंगरगढ़ के शिक्षक सम्मानित

**कलकसा।** अंगना म शिक्षा एवं स्मार्ट माता कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन पर गत दिनों कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने विकासखंड की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में त जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर कमला सिन्हा, नमिता देवांगन, चन्द्रबली साहू, डोंगरगढ़ ब्लाक की कमलेश्वरी वर्मा एवं रुखमिन मंडावी को सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों को बीईओ वीरेंद्र कौर गरचा, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली सहित संकुल समन्वयकों आदि ने बधाई दिया है।



### धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा

**चिचोला।** मोहगांव में दिवाली त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धनतेरस से लेकर भाईदूज तक के पंचपर्व का आयोजन किया गया। किसानों ने दिवाली के बाद गोवर्धन पूजा किया। कार्यक्रम में आसपास के गाँवों से लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैरग निशान के साथ राउत नर्तक दल ने बाजे-गाजे से अपनी प्रस्तुती दी। अंत में ग्रामीणों ने गोवर्धन पर्वत के गोबर से एक दूसरे का टीका लगाकर बधाई दिया। रात में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।



### प्राचार्य मंडलोई का सम्मान

**छुरिया।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैंदाटोला के प्राचार्य विनोद कुमार मंडलोई को श्रेष्ठ दायित्व निर्वहन एवं उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए संयुक्त संचालक सत्यनारायण राठौर, सहायक संचालक एएनबी स्वामी, उप संचालक एचएस वर्मा, अरविंद मिश्रा, देव दुर्गा ने प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, सदस्य एवं शिक्षकों इस उपलब्धि पर श्री मंडलोई को बधाई दी है।



### काम अधूरा, ग्रामीण पानी के लिए परेशान

**तुमडीबोड़।** निकटवर्ती ग्राम मचानपार में जलजीवन मिशन का काम अधूरा होने से ग्रामीणों को जल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कार्य में लगातार विलंब होने के बाद भी पीएचई विभाग इसे पूरा कराने में गंभीरता नहीं दिखा रहा है। जानकारी के अनुसार विभाग ने 15 मार्च तक कार्य पूर्ण होने और हर घर तक पानी पहुंचकर देने की बात कही थी। निर्धारित मियाद के करीब सात माह गुजरने के बाद भी ग्रामीणों को नल से पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत करने के बाद भी पीएचई विभाग कोई पहल नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है।

### घायलों का उपचार नहीं, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**मुरमुंदा।** ग्राम के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के उपस्थिति नहीं रहने से लोगों को प्राइवेट डाक्टरों से इलाज कराने मजबूर होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़- राजनांदगांव मार्ग पर ग्राम के स्थित होने के कारण यहां यातायात का दबाव काफी रहता है और आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। दुर्घटना ग्रस्त लोगों का समय पर इलाज नहीं होता। जानकारी के अनुसार नाइट ड्यूटी के डॉक्टर अधिकतर नदारद रहते है। ग्रामीण के अनुसार कुछ बच्चे मुरमुंदा के आसपास बाइक से गिर गए थे। उन्हे जब इलाज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया तब मौके पर न डॉक्टर था और न नर्स। घायलों का उपचार नहीं होने पर गांव वालों ने बहुत देर तक हंगामा किया, किन्तु कोई भी डॉक्टर नहीं पहुंचा।



## निधन



### बुधकुंवर साहू

**अर्जुनी।** ग्राम के पूर्व सरपंच पूर्णकिशोर साहू की माता बुधकुंवर साहू का गत 3 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बड़ी संख्या में परिजनों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में किया गया। स्व.श्रीमती साहू पूर्णकिशोर, निर्मलदास, बालकृष्ण, जसवंतदास, नितिनदास का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।



### ताजूराम साहू

**डोंगरगांव।** पत्रकार टुम्मन साहू के पिता ताजूराम साहू का 5 नवंबर को 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। स्व.साहू पांच पुत्र लूणकरण साहू,जसवंत साहू, टुम्मन साहू, पालनदास, हरप्रसाद साहू का परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 6 नवंबर को सांगिनकछार मुक्तिधाम में किया गया।

करोड़ों खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों को लाभ नहीं

# गौठान में कचरा, रिपा की गतिविधियों पर लगा विराम

## निर्माण कार्यों की अनदेखी कर रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

ग्रामीणों खासतौर समूह की महिलाओं को गांव में ही रोजगार के अवसर मुहैया कराकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में करोड़ों की लागत से ग्राम पंचायत घोटिया में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की गई थी।

सरकार बदलने के बाद पार्क में चलने वाली तमाम गतिविधियां थम गई है और देखरेख के अभाव में जहां तहां कचरे के ढेर दिखाई देने लगा है।



### जिला पंचायत कर रही जांच

रिपा प्रोजेक्ट की जांच जिला पंचायत द्वारा की जा रही है। घोटिया एवं पवनतरा में बहुत अनियमितताएं देखने को मिली है जिसकी जांच चल रही है। घोटिया रिपा के बंद होने का अलग कारण है। - **शिशिर शर्मा,** सीईओ

### महिलाओं को नुकसान

उल्लेखनीय है कि सुराजी गांव योजना के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर स्वावलम्बी बनाने के लिए गौठानों में महात्मा गाँधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किया गया था। योजनान्तर्गत प्रथम चरण में हर ब्लाक के दो गौठानों को रिपा के लिए चयन कर सड़क, विद्युत, जल, ना, वर्कशेड, भंडारण व्यवस्था, प्रशिक्षण, शिशु गृह, शौचालय आदि का विकास किया गया था। सरकार ने इसकी स्थापना गरीब परिवारों के लिए आय के साधन बनाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना के लिए किया था।

# भूसा, तालपत्री खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप



- कांग्रेस ने किया शिकायत, जांच कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी ने सहकारी समितियों में धान खरीदी के लिए भूसा, तालपत्री, सुतली, रंग आदि की खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से जांच की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे एवं ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, रामकुमार पटेल ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से मुलाकात कर बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगाँव के अधिकारियों के माध्यम से समिति प्रबंधको पर दबाव डालकर खरीदी करवाया जा रहा है। उन्होंने सहकारी बैंक के अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए जांच कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि तालपत्री, भूसा आदि की खरीदी पारदर्शी नहीं है। खरीदी में क्रय भंडार नियम का पालन नहीं किया गया। पूर्व का स्टॉक होने के बावजूद पुराने सामानों को नया बताकर भुगतान किया जा रहा है।

### प्रबंधकों पर दबाव डाल रहे अधिकारी

उन्होंने बताया कि सोसायटी के कर्मचारियो को कई महीनों से वेतन नहीं दिया गया है। वहीं जिला सहकारी बैंक के अधिकारी दबाव डाल कर भूसा, तालपत्री, सुतली सहित अन्य सामानो की खरीदी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो समान सोसायटियों में सप्लाई करवाया जा रहा है वह गुणवताहीन है। भूसा एवं तालपत्री के बाजार एवं सप्लाई के मूल्य में काफी अंतर है। कलेक्टर से मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष श्री ठाकरे, ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, आकाशदीप सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, रिंकू महोबिया सहित अन्य मौजूद थे।

# दान करें, फल आज नहीं तो कल अवश्य मिलेगा : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



जीवन में दान देने से कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह जरूरी नहीं हैं कि दान का स्वरूप काफ़ी बड़ा हो। जितनी क्षमता उतना दान सभी को करना चाहिए क्योंकि उसका प्रतिफल भविष्य में बढ़कर ही मिलता है।

उक्तशय के विचार ब्रम्हलीन आचार्य विद्यासागर सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री आगम सागर ने बुधवार को प्रातःकालीन सभा में श्रावक श्रविकाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि मुनिसंघ इन दिनों स्थानीय संत भवन में विराजमान है। मुनि श्री ने दान के प्रभाव का जिक्र करते हुए बताया कि जबलपुर के एक व्यापारी ने आर्थिक नुकसान होने के बाद आत्महत्या करने का निर्णय ले लिया था। आत्मघाती कदम उठाने के पहले वह आचार्य श्री के दर्शन करने पहुंचा और अपनी स्थिति से अवगत कराया। आचार्य श्री ने उसे दान करने की सलाह दी। व्यापारी ने आज्ञा का पालन करते हुए अपने पास उपलब्ध 500 रुपए को दान में दे दिया। सामाजिक सहयोग के बाद उसका व्यापार फिर चल पड़ा और आज वह शान का जीवन गुजार रहा है। मुनि श्री ने कहा कि अपनी आमदनी का 10 प्रतिशत हिस्सा जरूर दान करना चाहिए। कोशिश होना चाहिए कि घर में अगर चार रोटी है तो एक रोटी दान में देकर किसी की भूख मिटाएं। उन्होंने दिगंबर साधु, ब्रम्हचारी, प्रतिमाधारी और श्रेष्ठ श्रावक का आहार कराने की बात कही। उन्होंने कहा ऐसा करने से बिना मांगे ही आपकी झोली भर जाएगी।

### थोड़ा दीजिए, सब मिलेगा

मुनि श्री ने कहा कि पशुओं में भी दान का भाव होता है। गौशाला के पशुओं को चारा खिलाना भी दान हैं जिसका भी अच्छा प्रतिफल मिलता हैं इसलिए थोड़ा-थोड़ा दीजिए आपको भविष्य में सब मिलेगा। सभी को स्व और परहित के लिए दान करना चाहिए। दान करने से क्रोध, मान, माया का क्षरण होता हैं। दान देने से अगले जन्म में भी लक्ष्मी का डेरा आपके घर में ही होगा।

### धर्म की राह में रोड़ा न बने

धर्म के प्रभाव का उल्लेख करते हुए मुनि श्री ने कहा कि कभी भी किसी को धर्म प्रक्रिया में हिस्सा लेने के दौरान टोका टाकी न करें। धर्म की राह में रोड़ा बनने पर उसका दुष्फल अभी नहीं तो अगले जन्म में जरूर मिलेगा। कोशिश करना चाहिए कि भगवान की पूजन अभिषेक पूरे पवित्र भावना के साथ करें।

### विधान आज से

जैन मंदिर में कल 7 नवंबर से सिद्ध चक्र विधान का आयोजन किया गया है। कल सुबह अभिषेक शांतिधारा पूजन के बाद पात्र चयन किया जाना प्रस्तावित है।




### थनेश्वरी और चारू का चयन

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की 2 छात्राओं थनेश्वरी एवं चारू रंगारी का चयन कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर उड़ीसा में कल 6 से 10 नवंबर तक आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंर्तविश्विद्यालयीन वॉलीवाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसके पूर्व शासकीय डीबी कन्या महाविद्यालय रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों छात्राओं का चयन किया गया। थनेश्वरी एवं चारू रंगारी पिछले कई वर्षो से संध्या धुर्वे (पुलिस विभाग) से स्टेट स्कूल राजनांदगांव में वॉलीवाल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर एवं प्राध्यापकों ने बधाई दी।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति का अनावरण आज

**ठेलकाडीह।** ग्राम पंचायत महरूमखुर्द में छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति अनावरण कल 7 नवंबर को किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे। अध्यक्षता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, अशोक देवांगन, प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, अमीन खान, अंजुम अल्वी, जागेश्वर साहू, प्रखर श्रीवास्तव, नोमेश वर्मा, परदेसी सोनबोईर, नरेंद्र वर्मा, सरपंच इंदु वर्मा, उप सरपंच नूतन वर्मा, सचिन ज्योति सिंग उपस्थित रहेंगे। नीलू वर्मा ने बताया कि राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूरे होने पर गांव में 7 फीट ऊंची छत्तीसगढ़ महतारी का मूर्ति स्थापित होगी।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### देश व समाज की आत्मा बसती है गांव में : ठाकुर

**राजनांदगांव।** बालोद जिले के जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि देश व समाज की आत्मा गांव में निवास करती है। उन्होंने गांव एवं ग्रामीण संस्कृति को प्रेम, भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द्र की जन्मस्थली बताते ग्रामीणों से आपसी भाईचारा, प्रेम, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की महान परंपरा को अक्षुण बनाए रखने की अपील की। उन्होंने मोहला क्षेत्र के ग्राम मुरेर में आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्री सरपंच गैंदकुंवर ठाकुर ने किया। विशेष अतिथि मार्री उपसरपंच जगन्नाथ चुरेन्द्र, ग्राम पटेल थानुराम नुरूटी, लतखोर नुरूटी, मोहन चुरेन्द्र, किशन परतेती, नवलदास साहू, रेशम नुरेशिया, बंशीलाल ठाकुर, गिरधारी पाटिल, गुलाब गावरे, हेमलाल नेताम, राजू गोटा, गौतर कामरो सहित अन्य शामिल थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम सुवरबोड़ जिला बालोद के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

## निधन

### भैयालाल रजक



**खैरागढ़।** बरेठपारा निवासी भैयालाल रजक 82 साल का बुधवार सुबह निधन हो गया। वे पूर्व पार्षद शिव रजक के पिता थे। अंतिम संस्कार धरमपुरा मुक्तिधाम में परिजनों व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में हुआ। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र शिव रजक ने दी।

### फतेह मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ जिले में मना राज्योत्सव

## विकास कार्यों के कई कीर्तिमान स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य स्थापना के 24 वें वर्षगांठ पर फतेह मैदान में अजाविप्रा अध्यक्ष व विधायक गुरू खुशवंत साहेब के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन बाद राज्योत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना में पूर्व पीएम भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के योगदान से अवगत कराया और स्थापना के बाद से राज्य में हुए विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के बाद विकास कार्यों के कई कीर्तिमान स्थापित हुए हैं जिसमे एम्स, आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी सहित कई राष्ट्रीय स्तर के संस्थान प्रदेश में खुले। उन्होंने जिले को विकसित करने राज्य शासन की प्रतिबद्धता दुहराते हुए खुशहाल छत्तीसगढ़ के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने सभी को राज्य स्थापना की बधाई देते हुए जिले के सर्वागीण विकास के लिए मुख्य अतिथि के माध्यम से मुख्यमंत्री से अधिक से अधिक विकास कार्य कराए जाने का आग्रह किया। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने राज्योत्सव की बधाई देते हुए स्थापना के बाद हुए विकास कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने प्रदेश को विकसित बनाने के साथ नवगठित जिले को व्यवस्थित रूप से विकसित करने भरसक प्रयास करने पर जोर दिया।

इससे पूर्व कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने प्रशासकीय प्रतिवेदन अंतर्गत राज्य के साथ साथ जिले की प्रमुख विशेषताओं के बारे में बताते हुए सुव्यवस्थित जिले के रूप मे विकसित करने की परिकल्पना प्रस्तुत की। इस दौरान जिपं सभापति घम्मन साहू, जिपं सभापति विप्लव साहू, पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, जनपद अध्यक्ष छुईखदान नीना विनोद ताम्रकार, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिको सहित अन्य उपस्थित थे।



### फोटो प्रदर्शनी में पहुंचे लोग

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदेश शासन की योजनाओं से संबंधित और विकास कार्य से संबंधित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई जहॉ विभाग द्वारा योजनाओं से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री वितरण किया गया। जनमन, सुशासन का सूरज, सुशासन के नवीन आयाम, रोजगार नियोजन का भी वितरण गया। प्रदर्शनी अवलोकन के लिए पहुंचे योगेश्वरी जंघेल, सागर जंघेल और मोनिका नामदेव ने बताया कि विभाग द्वारा बेहतर जानकारी वाली पुस्तिका दी जा रही है। इसका लाभ हम अवश्य उठाएंगे। लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि बच्चों की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए भी विभाग द्वारा दी जा रही पुस्तिका लाभदायक है।

### स्टॉल में रही लोगों की भीड़

राज्योत्सव शुभारंभ बाद मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब सहित अन्य अतिथियों ने विभागीय स्टाल का अवलोकन कर प्रदर्शनी की प्रशंसा की वही इसका लाभ आमजन को मिले इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में फतेह मैदान में राज्योत्सव को लेकर मंच, बैठक व्यवस्था, रंगोली, स्टाल, गढ़ कलेवा जैसे विभिन्न चीजों की तैयारी की गई थी। इंदिरा कला संगीत विवि, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान, कृषि, पशुपालन, मत्स्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा आकर्षक विभागीय स्टाल लगाया गया था जो आकर्षण का केंद्र रहा। पूरे दिन भर स्टाल में लोगों की भीड़ लगी थी। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में पार्किंग, ट्रैफिक व सुरक्षा बल की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। समापन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने राज्योत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालो सहित बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया।





### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला रही जारी

राज्योत्सव का आरंभ दोपहर को जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिपं सभापति घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर की उपस्थिति में हुआ। उसके पश्चात स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा लोक परम्परा पर आधारित रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। दोपहर तीन बजे महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। शाम को स्थानीय कलाकारों के द्वारा कर्मा, सुआ नृत्य की प्रस्तुति ने राज्योत्सव स्थल में लोगों को बांधकर रखा। स्टाल देखने के साथ साथ लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति का आनंद लिया। मुख्य अतिथि आगमन बाद बैगा नाचा, कर्मा नृत्य, गीतों की महफिल की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों के द्वारा दी गई। इंदिरा कला संगीत विवि के विद्यार्थियों ने गजल, सुगम संगीत व सरहुल नृत्य की प्रस्तुति दी। इस तरह संगीत नगरी में अपने नाम अनुरूप राज्योत्सव दिवस पर पूरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रही।

### राज्य अलंकरण सम्मान से अलंकृत हुई मनोहर गौशाला

राजधानी में आयोजित राज्योत्सव के मुख्य समारोह मे जिले को दो राज्य अलंकरण सम्मान मिला। खैरागढ़ के धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला को अहिंसा और गौरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने यति यतनलाल सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ अखिल जैन ने संस्था की ओर से सम्मान ग्रहण किया वही दूसरे अलंकरण के रूप में लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार से गंडई के डॉ पीसी लाल यादव को आंचलिक साहित्य व लोक कविता में उत्कृष्ट योगदान को लेकर सम्मानित किया गया। उनके अद्वितीय उपलब्धि पर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि इससे अन्य अच्छे कार्य करने वालों को प्रेरणा मिलेगी।

## सोसाइटियों में धान खरीदी शुरू होने से पहले ही अनियमितता : भागवत



**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने जिले के सहकारी समितियों में भूसा, तालपत्री, सूतली सहित अन्य सामग्रियों की खरीदी में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर इसकी जांच करने कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा है।

श्री साहू ने बताया कि जिला अंतर्गत आने वाली सह. समितियों में धान खरीदी की तैयारी के नाम पर जो सहकारी समितियों में भूसा, तालपत्री, सुतली, रंग तथा अन्य सामानों की खरीदी में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उपरोक्त खरीदी को जिला सह. केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव अधिकारियों के माध्यम से सहकारी समिति के प्रबंधकों के ऊपर दबाव डालकर करवाया जा रहा है। जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अधिकारियों की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है तथा बैंक अधिकारी समिति पदाधिकारियों के ऊपर दबाव डालकर यह कृत्य करवा रहे हैं, इसकी जांच किया जाए।

उन्होंने कहा कि क्या सोसाइटी में उपरोक्त तालपत्री, भूसा खरीदी के पूर्व कोई टेंडर जारी किया गया। सहकारी समिति में जो खरीदी किया जा रहा है, वह बिल्कुल भी पारदर्शी नहीं है। उपरोक्त खरीदी में किसी भी सोसाइटी द्वारा क्रय भंडार नियम का पालन नहीं किया गया। सोसायटी में अनेक स्थानों पर कर्मचारियों का कई महीनों से वेतन नहीं दिया गया है।

इसके विपरीत कमीशनखोरी के चक्कर में जिला सहकारी बैंक के पदाधिकारियों द्वारा समिति में दबाव डालकर वहां भूसा, तालपत्री, सूतली सहित अनेक समानों को गलत रूप से खरीदी कराई जा रही है। जानकारी के अनुसार जो समान सोसायटियों में अवैध तरीके से सप्लाई करवाया जा रहा है, वह निहायत ही घटिया तथा गुणवत्ताहीन है। सोसायटियों में जो सामान भूसा, तालपत्री सप्लाई कराया जा रहा है, उसका बाजार मूल्य एवं उसकी सप्लाई के मूल्य में जमीन आसमान का अंतर है।

## सिन्हा कलार समाज ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गातापार जंगल थाना क्षेत्र में दर्ज पशु तस्करी मामले में मुढ़ीपार के पूर्व सरंपच व वर्तमान सरंपच पति घनश्याम साहू को आरोपी बनाए जाने से नाराज सिन्हा समाज के जिला प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जॉच करने की मांग की है।

सिन्हा कलार समाज के जिलाध्यक्ष दीनदयाल सिंहा, नरोत्तम सिंहा, भारतभूषण सिंहा सहित अन्य ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि मंगलवार 5 अक्टूबर को एसपी त्रिलोक बंसल द्वारा पशु तस्करी के मामले में समाज के सक्रिय सदस्य और जनप्रतिनिधि घनश्याम सिंहा को आरोपी बताने से पूरा कलार समाज हैरान परेशान हो गया है क्योकि जुलाई महीने में आसपास के गावों से डेढ़ सौ से उपर मवेशी छोड़ने के कारण पंद्रह दिनों तक फसल नुकसानी से परेशान होने पर गॉव में चौपाल लगाकर आवारा मवेशियों को पकड़ने और पुरानी गोहड़ी परंपरानुसार महुआढार में पुनीत के पास छोड़ने का निर्णय लिया गया था इसकी सूचना भी उनके द्वारा गातापार जंगल थाना मे दी गई, लेकिन जब पचास से उपर लोगों का समूह जानवरों को हकालते जंगल ले जा रहा था उस दौरान टींगामाली जंगल के आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा पशु तस्करी की झूठी भ्रामक जानकारी फैला दी गई जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने जानवरों को अपने कब्जे मे लेकर निर्दोष लोगों के खिलाफ कारवाई कर दी।



### निर्दोषों का पक्ष लेना पड़ा भारी

सिन्हा कलार समाज के लोगों ने कहा कि मुढ़ीपार से पचास से ज्यादा लोगों ने कलेक्टर और एसपी आफिस पहुंचकर जुलाई महीने में ही निर्दोषों पर कारवाई रोकने आवेदन दिया जिस पर जॉच का आश्वासन दिया गया था, लेकिन मंगलवार को एसपी द्वारा पशु तस्करी के अंर्तराज्यीय मामले मे घनश्याम सिंहा का नाम लेकर आरोपी बताए जाने से पूरा समाज और गांव वाले परेशान हो गए है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक रूप से मजबूत घनश्याम सिंहा की छवि को दागदार करने और आसन्न पंचायत चुनाव में भाग लेने से रोकने के लिए राजनैतिक दबाव के चलते पुलिस उन्हें अपराधी बता रही है। उन्होंने पूरे मामले की नए सिरे से गंभीरता से जॉचकर आरोपियों की सूची से घनश्याम सिंहा का नाम विलोपित करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि समाज ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और एसपी त्रिलोक बंसल को भी दी है।

## किसानों से आर्थिक दंड लेने के संबंध में भ्रामक प्रचार करने पर होगी कार्रवाई

**राजनांदगांव।** ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का, दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती नहीं करने पर कृषकों से आर्थिक दंड लेने के संबंध में सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, जो निराधार एवं असत्य है। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के निर्देश जारी नहीं किए गए है। इस प्रकार के भ्रामक प्रचार करते पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न कृषक द्वारा आर्थिक दृष्टि से लाभकारी फसलों की खेती करने की इच्छा व्यक्त की गई है। कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के विभागीय अमलों को मक्का, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी फसलें लेने हेतु कृषकों को वैज्ञानिक खेती के लिए तकनीकी सलाह देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस कार्य के लिए संबंधित विभागों को सक्रिय समन्वय सुनिश्चित करने कहा है। इस संबंध में ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सार्थक परिचर्चा करते कृषकों के मध्य मक्का, गेहूं, रागी, दलहन, तिलहन एवं सब्जी के फसले लेने के लिए कृषकों को प्रेरित करने निर्देशित किया गया है।

## कृषक सूचना केन्द्र का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी द्वारा 25 अक्टूबर को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक सूचना केंद्र का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली के मार्गदर्शन एवं धामनसरा सरपंच लोकेश गंगवीर, उपसरपंच कृतलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र वैष्णव, प्रगतिशील कृषक रामचंद्र चंद्राकर समेत डॉ. विनम्रता जैन, डॉ. एलके रामटेके, डॉ. नितिन तुर्रे, डॉ. मनोज चंद्राकर, डॉ. अभय बिसेन, डॉ. महेन्द्र देशमुख, डॉ. द्विवेदी प्रसाद, डॉ. डिकेश्वर निषाद, डॉ.पूजा साहू की उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम रावे समन्वय डॉ. शिवाजी लिमजे ने रावे कार्यक्रम की जानकारी दी। साथ ही डॉ.जयालक्ष्मी गांगुली ने रावे के विद्यार्थियों को धामनसरा के कृषकों से कृषि कार्य सीखने एवं उनके अनुभव का लाभ उठाने प्रेरित किया। कृषकों को विद्यार्थियों द्वारा आवश्यकतानुसार नवीन तकनीकी जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया।

## बीस चिकित्सकों के एक साथ इस्तीफे पर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगातार चिकित्सकों द्वारा इस्तीफा देने का सिलसिला जारी है। इसी बीच प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं करने के मामले को लेकर जारी आदेश के बाद 20 चिकित्सकों ने सामुहिक रूप से इस्तीफे की पेशकश की है। इसके बाद इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार और राजनांदगांव से विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को घेरा है।

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के 20 डॉक्टरों ने सामुहिक इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष राजनांदगांव के विधायक हैं।

इसके बाद भी राजनांदगांव की उपेक्षा हो रही है। जिसके जिम्मेदार डॉ. रमन सिंह हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारा यह आरोप है कि डॉ. रमन सिंह अपने निवास क्षेत्र कवर्धा में राजनांदगांव के मेडिकल कॉलेज को कवर्धा ले जाने के लिए जानबूझकर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज को कोई सुविधा नहीं दिला रहे हैं, ताकि राजनांदगांव का मेडिकल कॉलेज समस्याओं के कारण बंद हो और इस कॉलेज को कवर्धा स्थानांतरित कर दिया जाए। कांग्रेस ने अपनी प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वर्तमान में लगभग 30 प्रतिशत के आसपास मुख्य डॉक्टर है। अब इस्तीफा देने के बाद वह भी स्थिति नहीं है कि मेडिकल कॉलेज का संचालन हो। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज की मान्यता भी खतरे में है।




### जनहित आंदोलन की चेतावनी

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में व्याप्त समस्याओं के लिए शहर कांग्रेस द्वारा जनहित में आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। कांग्रेस ने 48 घंटे के भीतर यहां पर डॉक्टरों के साथ सामंजस्य स्थापित कर समस्या का समाधान निकालने कहा है अन्यथा विधायक डॉ. रमन सिंह का पुतला हर दो से तीन दिन में हर वार्ड में जलाने की चेतावनी दी है।

### जनसहयोग से करेंगे काम

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई राशि के अतिरिक्त होने वाले व्यय को डॉ. रमन सिंह से अपने स्वेच्छानुदान से देने की मांग की गई है। वहीं उनके द्वारा ऐसा नहीं करने पर सिटी स्कैन मशीन की अतिरिक्त राशि के लिए राजनांदगांव में शहर कांग्रेस आम जनता एवं सामाजिक संस्थाओं से निवेदन कर सहायता राशि एकत्र करेगी।

## अनिल बने समाज के पहले अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के विश्राम गृह में अग्रवाल समाज की बैठक 6 नवंबर को आहूत किया गया। बैठक में पदाधिकारियों का चयन एवं अन्य विषयों पर मंथन किया जाना था।

सर्वप्रथम समाजिक हित के विषयों पर चर्चा किया गया। तत्पश्चात अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों का चयन किया गया। समाज की कार्यकारिणी के लिए अनिल अग्रवाल को सर्वसम्मति से प्रथम अध्यक्ष चुना गया।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष सुशील अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सचिव सुनील गोयल, कोषाध्यक्ष जैकी सिंघानिया, कार्यकारणी सदस्य अजय अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, जित्तू अग्रवाल, रमाकांत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सतीश सिंघानिया, राहुल अग्रवाल, राजू अग्रवाल, रितेश सिंघानिया, राहुल अग्रवाल को चुना गया। उल्लेखनीय है कि अग्रवाल समाज के प्रथम अध्यक्ष अनिल अग्रवाल भाजपा के बड़े नेता हैं। वह विगत 20 सालों से अधिक समय से भाजपा में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए सेवाएं दे चुके है। वर्तमान में वह जिला भाजपा के उपाध्यक्ष हैं। वह अंतराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष, पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश सचिव एवं गंडई प्रेस क्लब के संरक्षक हैं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल मंडल भाजपा के अध्यक्ष रह चुके है। बैठक में कुश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, पप्पू अग्रवाल, नंदू अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, कमल अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



### सहसपुर दल्ली में न्योता भोज




**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत सहसपुर दल्ली के उपसरपंच धरम सिंह नेताम द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के 116 बच्चों को न्यौता भोज कराया। इस अवसर पर सरपंच प्रदीप वर्मा, अवधराम वर्मा, संकुल समन्वयक केके जनार्दन, प्रभारी प्रधान पाठक एमएस जितेन्द्र कुमार हिरवानी, प्रधान पाठक पीएस विनोद कुमार अलमोरे, उपेन्द्र कुमार साहू, शबनम खान, मोहम्मद इकबाल खान एवं पंचगण मौजूद थे।

## विद्यार्थियों ने किया शुभम के मार्ट का अवलोकन

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत शुभम् के मार्ट का अवलोकन किया। जिसमें कक्षा दूसरी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक इसका लाभ उठाया। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के व्यवहारिक जीवन में उपयोग आने वाली अनेक वस्तुओं का प्रायोगिक ज्ञान बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर बच्चों के लिए इस भ्रमण का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने दैनिक जीवन में प्रयोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं के बारे में जाना। जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रकार के दाल, डेयरी प्रोडक्ट, विभिन्न प्रकार के मसालों, अनाज आदि के बारे में जानकर उसकी उपयोगिता को समझा। साथ ही किसी वस्तु को क्रय करने की पद्धति, वस्तु के उत्पादन तिथि आदि के बारे में विस्तार से जाना। इस आयोजन में शुभम के मार्ट के कर्मचारियों का विशेष सहयोग मिला।

विद्यार्थियों के दल के साथ शाला के क्रीडा अधिकारी अखिलेश मिश्रा, विमल शर्मा, मीरा मेनन, किरण ठाकुर एवं सुमन साहू उपस्थित थे। प्राचार्य शैलजा नायर के दिशा निर्देश पर बच्चों ने इस भ्रमण का भरपूर लाभ उठाया। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्डा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन विभूतियां राज्य अलंकरण से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर अविभाजित राजनांदगांव जिले की तीन विभूतियों को प्रदेश सरकार द्वारा राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा खैरागढ़ से अहिंसा एवं गौरक्षा के लिए डॉ. अखिल जैन को सामान्य प्रशासन विभाग के सहयोग से यति यतन लाल सम्मान दिया जाएगा। वहीं गंडई के साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव को संस्कृति विभाग द्वारा आंचलिक साहित्य एवं लोक कविता के क्षेत्र में लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सहकारिता विभाग द्वारा डोंगरगढ़ के शशिकांत द्विवेदी को ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## मनोहर गौशाला की स्थापना

वर्ष 2011 में उन्होंने गौशाला के लिए एक समिति की स्थापना कर एक महत्वपूर्ण मिशन की शुरूआत की। 13 अगस्त 2012 को मनोहर गौशाला के लिए ट्रस्ट और भूमि को कानूनी रूप से पंजीकृत किया गया, जो उनकी महत्वाकांक्षी परियोजना की औपचारिक शुरूआत थी। 14 जनवरी 2015 को जैन संतों की उपस्थिति में नौ गाय के साथ मनोहर गौशाला का उद्घाटन किया गया और तब से गौवंश के लिए करूणा और समर्पण की यात्रा जारी है।

## गौमूत्र से बनाया उर्वरक

डॉ. अखिल जैन ने गौमूत्र से उर्वरक पर शोध किया, उनकी गौशाला में गाय के गोबर से बने वैदिक वास्तु गणेश के लिए भारत के प्रधानमंत्री से सराहना मिली। वर्ष 2018 में गौशाला ने एक तरल उर्वरक के लिए पेटेंट दर्ज कर मील का पत्थर हासिल किया।

## गाय का भव्य अस्पताल

भगवान कृष्ण का द्वापर युग, जहां गायें स्वतंत्र रूप से घूम सकती थी और आराम से रह सकती थी। इस दृष्टिकोण से उन्होंने गौशाला के भीतर 3,000 पेड़ लगाए हैं। गायों को पानी उपलब्ध कराने के लिए एक तालाब बनाया है और गायों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने औषधीय पौधों, घास के मैदानों, छाया और आश्रयों की खेती की गई। इसके अलावा गायों के लिए एक व्यवस्थित अस्पताल भी उनकी योजना में है। डॉ. अखिल जैन बताते हैं कि उनकी मनोहर गौशाला में एक दुर्लभ कामधेनु गाय है, जो सबसे दुर्लभ नस्लों में से एक है।

## गौमाता की सेवा के लिए समर्पित

छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव के अवसर पर 6 नवंबर को अहिंसा एवं गौरक्षा के लिए यति यतन लाल पुरस्कार से सम्मानित अखिल जैन खैरागढ़ में मनोहर गौशाला के संस्थापक हैं, जो गौवंश के कल्याण और संरक्षण के लिए समर्पित एक धर्मार्थ संगठन चला रहे हैं। उनके जीवन का कार्य जीवित प्राणियों के प्रति उनकी करुणा और गायों की देखभाल और संरक्षण के समाज को जागरूक भी कर रहे हैं। गौ सेवक डॉ. अखिल जैन ने बताया कि उनका जन्म एक संयुक्त परिवार में हुआ था और वे 10 भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। छोटी उम्र से ही उन्होंने गायों के प्रति विशेष प्रेम प्रदर्शित किया। एक ऐसी भावना जो बाद में उनके जीवन के उद्देश्य बन गई। बचपन में ही उन्होंने अपनी पॉकेटमनी को पशु कल्याण के क्षेत्र में लगाना शुरू कर दिया।

## आंचलिक साहित्य एवं लोक कविता के लिए सम्मानित होंगे यादव



गंडई नगर के साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव को छत्तीसगढ़ सरकार उनके साहित्य सेवा के लिए संस्कृति विभाग के माध्यम से आंचलिक, साहित्य एवं लोक कविता के क्षेत्र में लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ. पीसी लाल यादव ने कहा कि शुरू से ही उनकी रूचि छत्तीसगढ़ी कला साहित्य को लेकर रही। उन्होंने छत्तीसगढ़ी पंडवानी कथा गायन विषय पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से पीएचडी उपाधि हासिल की। उन्होंने अपनी पहली रचना का प्रकाशन वर्ष 1972-73 में किया।

## तीन दर्जन से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन

साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव की कई पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है। जिनमें छत्तीसगढ़ की लोक कथाएं, छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य, तेन्दुसार के लाठी, लोक मानस की महानदी, झेंझरी, छत्तीसगढ़ी कथालोक, छत्तीसगढ़ का लोक जीवन और रामकथा, छत्तीसगढ़ी लोक गाथाएं, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, छत्तीसगढ़ी लोकगीत विविध आयाम, लोकमंगल, छत्तीसगढ़ी लोक जीवन और पर्व, एक अभिव्यक्ति, पंडवानी परंपरा और प्रयोग, छत्तीसगढ़ का डंडा नृत्य-गीत, छत्तीसगढ़ी संस्कार गीत, इनके अलावा छत्तीसगढ़ी बाल साहित्य की 15 पुस्तकें, हिन्दी बाल साहित्य की 15 पुस्तकें, छत्तीसगढ़ी गीत, कविता व कहानी की 10 पुस्तकें एवं हिन्दी में 01 कविता संग्रह शामिल है।

## सहकारिता में गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान



छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की सालगिरह पर ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार से नवाजे जाने वाले शशिकांत द्विवेदी ने पिछले चार दशक में सहकारिता के क्षेत्र में अपने गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। वे सहकारिता के जाने-माने जानकार भी माने जाते हैं।

श्री द्विवेदी सन 1985 में डोंगरगढ़ द्वारा सोसायटी के संचालक पद पर निर्वाचित हुए थे। इसके साथ ही वे शिवपुरी पंचायत के पंच भी निर्वाचित हुए। सन 2007 में राज्य सरकार ने उन्हें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। इसके बाद वे 2008 में चुनाव लड़कर इस पद पर पुनः आसीन हुए। 2013 में कार्यकाल पूरा होने के बाद वे 2015 में मार्कफेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। 2019 में वे मार्कफेड के चेयरमेन भी रहे। नई दिल्ली आमसभा के प्रतिनिधि के तौर पर होने वाले चुनाव में भी उन्हें सफलता हासिल हुई। पिछले चार दशक से सहकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे श्री द्विवेदी का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा इस पुरस्कार के लिए उनका चयन किए जाने से प्रदेश में सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार रूप मिलेगा।

# प्रभंजय व प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य ने गीतों से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर स्थानीय पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरवपथ में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल थे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी तथा बॉलीवुड की प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित ने अपने सुमधुर गीतों से समां बांध दिया।

भजन गायक चतुर्वेदी ने अच्युतं केशवं कृष्ण दामोदरं..., राम सिया राम जय जय राम... जैसे भजनों से शाम सुवासित हुई। वहीं प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित ने बड़े अच्छे लगते है, ये धरती, ये नदियां..., ये दिल कही लगता नहीं हम क्या करें..., पत्ता-पत्ता, बूटा-बूटा... जैसे हिन्दी फिल्मों पुराने मधुर गीतों से श्रोताओं को मुग्ध किया। संगीत शिल्पी बाबी मंडल द्वारा एक मीरा एक राधा..., अजीब दास्तां... जैसे गीतों की मोहक प्रस्तुति दी। शरद श्रीवास्तव एवं टीम ने अपने गीतों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। विजेता शर्मा ने लक्ष्मण मसतुरिया के गीत मोर संग चलव रे... छूकर मेरे मन को... एवं कोरा कागज मन मेरा... जैसे गीत सुनाएं। वहीं कृति बख्शी ने गुंजी सी है, सारी सदा... जैसे गीत की मोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर योग की शानदार प्रस्तुति दी गई।




## अद्भुत संभावनाओं से भरा प्रदेश : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर स्थानीय पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण 1 नवंबर 2000 में हुआ था, तब से लेकर 2024 तक छत्तीसगढ़ राज्य की यात्रा और विकसित राज्य बनाने की पहल ने सभी के समक्ष गवाही दी है। उन्होंने कहा कि 24 वर्षों का यह उत्सव और राज्य निर्माण का यह श्रेय देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को है। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य में शामिल है और प्रदेश ने विभिन्न उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के पद कार्य करते हुए 15 वर्षों में छत्तीसगढ़ में पलायन की पीड़ा को देखते प्रदेश को इस पीड़ा से मुक्त करने श्रमिकों को अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने कार्य किया गया। गांव में 1 रुपए की दर से प्रति किलो चावल उपलब्ध कराने से पलायन रूक जाएगा, इस सोच के साथ यह कार्य आरंभ किया गया।

## चहुंमुखी विकास : कलेक्टर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण हो गए हैं और हमारा प्रदेश सभी दिशाओं में चहुंमुखी विकास कर रहा है।

## बस्तरिया, आदिवासी, सुवा नृत्य देखकर दर्शक हुए अभिभूत

राज्योत्सव पर पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बस्तरिया, आदिवासी, सुआ जैसे लोक नृत्य को देखकर दर्शक अभिभूत हुए। एकलव्य आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव द्वारा मैं आदिवासी हूं गीत, हायर सेकंडरी स्कूल किरगी द्वारा बस्तरिया नृत्य, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव द्वारा बस्तरिया नृत्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव द्वारा बस्तरिया नृत्य, गायत्री विद्यामंदिर द्वारा सुवा नृत्य, सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव द्वारा लोक नृत्य, गायत्री विद्या मंदिर द्वारा सुवा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुति की गई।

## विकास में अग्रसर नांदगांव

राजनांदगांव तेजी से विकास की दिशा में अग्रसर है। 370 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कालेज का निर्माण, 300 करोड़ रुपए की लागत से शासकीय मातृ शिशु अस्पताल तथा दिव्यांगजनों के लिए सीआरसी सेंटर का निर्माण किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आम नीलामी आम नीलामी आम नीलामी




कवर्धा के हृदय स्थल मे स्थित सर्व सुविधा युक्त बने सरदार वल्लभ भाई पटेल
शापिंग काम्प्लेक्स का आम नीलामी दिनांक 08 नवंबर 2024 को
अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सस्ते और अच्छे दर में बोली लगाकर लेने का सुनहरा अवसर
ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर ले सकते है
सर्व सुविधा युक्त शापिंग काम्प्लेक्स आम नीलामी स्थल सरदार वल्लभ भाई शापिंग काम्प्लेक्स
दिनांक 08 नवंबर 2024 समय 11 बजे से...
तत्काल 2 घंटे पहले पैसा जमा कर बोली में भाग ले सकते है...

सरदार वल्लभ भाई पटेल काम्प्लेक्स का आरक्षण तालिका (भूतल) दुकानों की संख्या 09
(दिनांक 08.11.2024 दिन–शुकवार समय–11.00 बजे)

| कं. | वर्ग | दुकान कं. | स्वीकृत प्रीमियम कमशः | वार्षिक किराया 2% कमशः | अमानत राशि कमशः |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला | 8 | 752554 | 15051 | 75300 |
| 2 | भू.पु.सै. | 9 | 388778 | 7776 | 38900 |
| 3 | अनु.जाति | 10, 12, 30 | 752554 | 15251 | 75300 |
| 4 | अनु.जन.जाति | 11, 13, 15 | 752554 | 15251 | 75300 |
| 5 | दिव्यांग | 26 | 752554 | 15251 | 75300 |

सरदार वल्लभ भाई पटेल काम्प्लेक्स का आरक्षण तालिका (प्रथम तल) दुकानों की संख्या 07

| कं. | वर्ग | दुकान कं. | स्वीकृत प्रीमियम कमशः | वार्षिक किराया 2% कमशः | अमानत राशि कमशः |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता सं.से. | 45 | 329950 | 6599 | 33000 |
| 2 | अनु.जाति | 46, 48, 52, 63, 66 | 329950 | 6599 | 33000 |
| 3 | थर्ड जेंडर (तृतीय लींग) | 61 | 329950 | 6599 | 33000 |

टीप–नीलामी की अन्य शर्ते कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

**उत्सवः** राज्योत्सव में कलाकारों ने अपने कला और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया

# कर्मा व ददरिया की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और महोत्सव का समां बांध दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का आयोजन, कला और संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरता एक ऐसा रंगमंच बना जहां छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की जीवंत झलक देखने को मिली। जैसे-जैसे रात की चांदनी खिलती गई, वैसे-वैसे इस सांस्कृतिक महोत्सव का उल्लास बढ़ता गया। धरसीवा विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा की विशेष प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। स्कूली बच्चों की रंगीन प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम में मासूमियत और उमंग का रंग भर दिया, वहीं खैरागढ़ के कलाकारों ने रंग-बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत प्रदर्शन किया। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, संतोष पटेल, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने कार्यक्रम का आनंद लिया। लोकगीतों की गूंज और शास्त्रीय संगीत की सजीव धुनों के बीच, छत्तीसगढ़ की मिट्टी की खुशबू दर्शकों तक पहुंची, जिसमें तुलेश्वर शर्मा का सुनहरी यादें कार्यक्रम, रजऊ साहू और उनके साथी कलाकारों की लोकसंगीत प्रस्तुति और योगेंद्र दास मानिकपुरी द्वारा सुरता के आंसू ने सभी का मन मोह लिया। खैरागढ़ के कलाकारों की रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव महोत्सव, न केवल कला प्रेमियों के लिए एक यादगार शाम बना बल्कि छत्तीसगढ़ की अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया के सामने खूबसूरती से प्रस्तुत किया। खैरागढ़ के कलाकारों ने अपने अनोखे अंदाज में विविध प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी रंग-बिरंगी पोशाकें और ऊर्जावान प्रस्तुतियां छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत नजारा प्रस्तुत कर रही थीं। इस पूरे आयोजन में हर प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं की एक अमिट छवि बनाई, जिससे दर्शक न केवल आनंदित हुए बल्कि राज्य के सांस्कृतिक गौरव से गर्वित भी महसूस किया। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में कला प्रेमियों के लिए एक ऐसा उत्सव बना जिसने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और धरोहर को दिलों में बसा दिया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## अनुज शर्मा की जसगीत दर्शक मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे



पद्मश्री अनुज शर्मा की जसगीत, कर्मा और ददरिया की प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। उनकी प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा की झलक दिखाई दी, जिससे हर कोई संगीत के उस रंग में डूब गया। श्री शर्मा द्वारा प्रस्तुत "आरूग हे कलशा दाई, तोर भुवन मा दाई" जैसे जसगीत ने माहौल को भक्ति और समर्पण से भर दिया। उनकी आवाज और अदायगी में छत्तीसगढ़ की मिट्टी की सोंधी महक और लोकजीवन की गहराई बसी हुई थी। कर्मा और ददरिया जैसे पारंपरिक गीतों पर उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की लोककला में पूरी तरह रमा दिया, जिससे हर कोई झूमने पर मजबूर हो गया। "बैइला ला ढील देबे धान खाही गा, "मया होगे रे तोर संग मया होगे, और ससुराल गेंदा फूल जैसे लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति ने राज्योत्सव के माहौल बना दिया। इन गीतों में छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत का सौंदर्य और भावनाओं का गहराई से संगम देखने को मिला। ससुराल गेंदा फूल की मधुर धुन पर दर्शक झूम उठे, जबकि बैइला ला ढील देबे धान खाही गा और मया हो गे रे तोर संग मया होगे ने मानो प्रेम और मस्ती का ऐसा रंग बिखेरा कि हर कोई इस सांस्कृतिक जादू में खो गया।

# भूसा, तालपत्री खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप



- कांग्रेस ने किया शिकायत, जांच कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी ने सहकारी समितियों में धान खरीदी के लिए भूसा, तालपत्री, सुतली, रंग आदि की खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से जांच की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे एवं ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, रामकुमार पटेल ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से मुलाकात कर बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगाँव के अधिकारियों के माध्यम से समिति प्रबंधको पर दबाव डालकर खरीदी करवाया जा रहा है। उन्होंने सहकारी बैंक के अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए जांच कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि तालपत्री, भूसा आदि की खरीदी पारदर्शी नहीं है। खरीदी में क्रय भंडार नियम का पालन नहीं किया गया। पूर्व का स्टॉक होने के बावजूद पुराने सामानों को नया बताकर भुगतान किया जा रहा है।

## प्रबंधकों पर दबाव डाल रहे अधिकारी

उन्होंने बताया कि सोसायटी के कर्मचारियो को कई महीनों से वेतन नहीं दिया गया है। वहीं जिला सहकारी बैंक के अधिकारी दबाव डाल कर भूसा, तालपत्री, सुतली सहित अन्य सामानो की खरीदी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो समान सोसायटियों में सप्लाई करवाया जा रहा है वह गुणवताहीन है। भूसा एवं तालपत्री के बाजार एवं सप्लाई के मूल्य में काफी अंतर है। कलेक्टर से मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष श्री ठाकरे, ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, आकाशदीप सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, रिंकू महोबिया सहित अन्य मौजूद थे।

# श्रद्धा भक्ति के साथ मां लक्ष्मी त्त्रंकी प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



श्री सिद्धिविनायक समिति बड़े बाजार पिपरिया द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां महालक्ष्मी विराजित किया गया धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त पर मां लक्ष्मी विराजित किया गया इसके पश्चात दीपावली के दिन महालक्ष्मी का महाद्वीप उत्सव के साथ पूजन किया गया एवं भाई दूज के दिन महालक्ष्मी का आसान हिलाया गया उसके पश्चात दिन सोमवार को बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया जिसमें पूरे नगर में उत्साह का माहौल बना रहा नगर भ्रमण के पश्चात पिपरिया नगर स्थित सकरी नदी में मां लक्ष्मी को विसर्जन किया गया जिसमें समिति के सदस्ययुगेंद्र निर्मलकर, जितेन साहू, महेश साहू, खेमन जायसवाल, किशोर साहू, जुगल निर्मलकर, पोषण साहू, गौकरण जायसवाल, राकेश देवांगन, दुर्गेश साहू, लखन साहू, संजू साहू, सोम निर्मलकर, रूपेश साहू, रुपेश यादव, खेमराज सहित बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# ईशर गौरा-गौरी का रचाया विवाह, बाराती बने ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंडी

ग्राम पंचायत पोंड़ी में कुम्भकार पारा में दीपावली पर्व पर ठाकुरदेव से माटी लाकर ईशर गौरा-गौरी की स्थापना की गई। मां शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष जयराम साहू ने बताया इस दौरान पूरी रात नगरवासियों द्वारा गौरा-गौरी की विधिवत पूजा अर्चना कर विवाह रचाई। इस गौरी-गौरा के विवाह व पूजन के दौरा गड़वा बाजा की धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते व थिरकते नजर आए, पोड़ी में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी दीपावली के दूसरे दिन गौरा-गौरी की स्थापना की वर्षो पुरानी परंपरा है, जिसे आज भी बनाए रखा है। गौरा गौरी की प्रतिमा के साथ भीम की भी प्रतिमा की स्थापना की जाती है। गौरा गौरी की प्रतिमा को बड़े ही आकर्षक तरीके से सजाया जाता है। माटी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया, तत्पश्चात दूसरे गौरा गौरी की प्रतिमा का विसर्जन किया। गौरा गौरी विसर्जन के दौरान पुरुष अपने सिर पर गौरा गौरी की प्रतिमा को उठाकर नगर भ्रमण किया। जहां जगह जगह चौक चौराहों गली मोहल्ले में भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विसर्जन के दौरान काशी की कोड़ा बनाकर हाथ पर कोड़ा मराने की परंपरा है, गौरा गौरी प्रतिमा के चारों तरफ जल रहे दिए के तेल को कोड़ा खाने वाली जगह पर लगाकर पीड़ा को शांत किया जाता है। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी पारंपरिक बाजे की धुन पर थिरकते नजर आए। जो पूजा स्थल से कुंभकार पारा, महादेव पारा, पाली पारा, महाराज पारा, साहू पारा, मां शीतला मंदिर चौक, बस स्टैंड, ठाकुर पारा होते हुए मचकुंद नदी में विसर्जित हुआ। इस दौरान जयराम साहू, दिलीप श्रीवास्तव, राजेंद्र तिवारी, अशोक निषाद, तीरथ निषाद, शंकर निषाद, राजू चौहान, गोलू मानिकपुरी, वेद साहू, दीपेश साहू, विजय साहू, गणेश श्रीवास, गणेश निषाद, रामनाथ निषाद, मोटू चौहान, राकेश कुंभकार, दिलीप यादव, प्रकाश साहू, कुने कुम्भकार, सत्रोहन कुम्भकार, लक्ष्मी कुंभकार सहित भारी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थें।

# छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति का अनावरण आज

**ठेलकाडीह।** ग्राम पंचायत महरूमखुर्द में छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति अनावरण कल 7 नवंबर को किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे। अध्यक्षता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, अशोक देवांगन, प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, अमीन खान, अंजुम अल्वी, जागेश्वर साहू, प्रखर श्रीवास्तव, नोमेश वर्मा, परदेसी सोनबोईर, नरेंद्र वर्मा, सरपंच इंदु वर्मा, उप सरपंच नूतन वर्मा, सचिन ज्योति सिंग उपस्थित रहेंगे। नीलू वर्मा ने बताया कि राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूरे होने पर गांव में 7 फीट ऊंची छत्तीसगढ़ महतारी का मूर्ति स्थापित होगी।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# राज्योत्सव में लगाया विधिक सेवा स्टॉल




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्योत्सव-2024 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन व निर्देश पर राज्योत्सव में आएं लोगों को मौके पर ही विधिक सलाह एवं प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए विधिक सेवा स्टॉल लगाया गया जिसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के आदेश पर राज्योत्सव मेले में न्यायाधीशगण द्वारा स्टॉल में उपस्थित होकर कानूनी जानकारी, सहायता एवं सलाह प्रदान किया गया। पैरालीगल वालिन्टियर्स के माध्यम से लोगों को विधिक जानकारी प्रदान की गई साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति न्यायालय परिसर में स्थापित एडीआर भवन में संचालित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के कार्यालय में जाकर कानूनी सलाह एवं सहायता ले सकते हैं। प्रबंध कार्यालय अंतर्गत एक अधिवक्ता विधिक सलाह के लिए उपलब्ध होते हैं जहां कोई भी व्यक्ति सलाह ले सकता है। छात्र-छात्राओं को इसका लाभ अवश्य उठाना चाहिए क्योंकि वे अपनी कई समस्याओं, खासकर कानूनी समस्याओं से अकेले जूझते हैं।मेले में स्टॉल को बैनर, पोस्टर से सुसज्जित किया गया था जिसमें नेशनल लोक अदालत, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह आदि सम्मिलित थे। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 14 दिसम्बर 2024 के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया। इस तरह स्टॉल में आकर तकरीबन 200 से ज्यादा लोगों ने विधिक जानकारी एवं योजना का लाभ लिया।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की 24 वीं वर्षगांठ के अवसर पर कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित विकास सह-प्रदर्शनी स्टॉल लगाई गई। जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य सरकार द्वारा पिछले 10 माह की योजनों के छायाचित्र प्रदर्शनी लगायी गयी है। राज्योत्सव के मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, संतोष पटेल सहित अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सहायक जनसंपर्क अधिकारी गुलाब डड़सेना ने पुष्प गुच्छ से अतिथियों का स्वागत किया। राज्योत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में जल संसाधन विभाग, क्रेडा, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, बैंक, पीएचई, पशु चिकित्सा विभाग, नगर पालिका, शक्कर कारखाना, वन विभाग, जिला पंचायत, कौशल विकास, स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद विभाग, मत्स्य पालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, पीएमजीएसवाई, खनिज विभाग, विधिक सहायता, परिवहन विभाग, और श्रम विभाग ने प्रदर्शनी लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों को बताया गया। विभागों ने अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। जनसंपर्क विभाग के छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्य विश्वसनीय और सराहनीय हैं। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों की झलक देखने को मिली, जिससे जनता में शासन के प्रति विश्वास और भी गहरा हुआ। राज्य सरकार ने अपने कार्यों के माध्यम से न केवल छत्तीसगढ़ के विकास को गति दी है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को भी सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

**विधायक भावना बोहरा ने कांग्रेस पर लगाया आरोप**

# पांच वर्षों तक कांग्रेस ने अपराधियों को संरक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के साड़ी व चूड़ी वाले बयान पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों तक अपराधियों को पोषित और जनता को शोषित करने वाले कांग्रेस पार्टी के नेता आज छत्तीसगढ़ में अपराध को लेकर चिंता व्यक्त कर रहें हैं। भावना बोहरा ने कहा कि पांच वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने केवल अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया है और आज उसी का नतीजा है कि उनके हौसले बुलंद हैं, लेकिन अब छत्तीसगढ़ में भाजपा के सुशासन की सरकार है जहां अपराध करने वाले और अपराधियों को संरक्षण देने वाले दोनों पर नकेल कसी जा रही है जिसे देखकर दीपक बैज और कांग्रेस पार्टी को पीड़ा हो रही है। उन्होंने कहा कि जो बबूल का पेड़ पांच वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने बोया है वो कांटे आज दिख रहें हैं और लगातार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार उनपर कार्यवाही कर रही है थो कहीं न कहीं कांग्रेस में तिलमिलाहट दिखाई दे रही है क्योंकि उनके करीबियों की संलिप्तता उसमें उजागर हो रही है। भावना बोहरा ने कहा कि आज एक तरफ हमारे प्रदेश में राज्य स्थापना दिवस का राज्योत्सव चल रहा है तो दूसरी तरफ अपनी ओछी राजनीति से कांग्रेस विपक्ष की मर्यादा लांघ रही है। दीपक बैज जी कहते हैं कि हमारे माननीय मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को साड़ी और चूड़ी पहन कर बैठ जाना चाहिए। मैं एक महिला होने के नाते उनसे यह पूछना चाहती हूं कि जब 5 साल तक प्रदेश में चाकूबाजी की घटनाएं हुई तब क्या आप सब भी साड़ी और चूड़ी पहनकर बैठे थे। जब भिलाई में मलकीत की हत्या हुई, सिलगेर में गोलीकांड हुआ और पूरे प्रदेश में अपराधियों ने हाहाकार मचाया हुआ था तब क्या आपकी पूरी कांग्रेस पार्टी साड़ी और चूड़ी पहनकर सिर्फ महादेव सट्टा खेल रही थी? कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता जब रायपुर आईं थी और उन्ही की पार्टी के प्रवक्ता द्वारा उनसे बदसलूकी की गई तब आखिर दीपक बैज जी और उनके शीर्ष नेता क्यों मौन थे? और जहां तक साड़ी और चूड़ी की बात है तो मैं दीपक बैज जी से यह पूछना चाहती हूं कि वह हम महिलाओं के वस्त्र और हमारे श्रृंगार को हीन भावना से क्यों देखते हैं? क्या दंतेश्वरी माता को साड़ी और चूड़ी का श्रृंगार नहीं चढ़ता? क्या शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा और संघार की प्रतीक मां काली साड़ी और चूड़ी नहीं पहनती?

क्या यही साड़ी और यही चूड़ी पहन कर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और गोंडवाना की रानी दुर्गावती ने दुश्मनों से लड़ाई नहीं लड़ी थी? क्या पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्रीमती इंदिरा गांधी ने साड़ी नहीं पहनी? क्या आपके दल की प्रमुख सोनिया और प्रियंका भी साड़ी और चूड़ी नहीं पहनती हैं। आज पूरे प्रदेश में हम छत्तीसगढ़ महतारी की जो प्रतिमा देखते हैं उस प्रतिमा में भी हमारी छत्तीसगढ़ महतारी ने साड़ी और चूड़ी पहन रखी है लेकिन उनके हाथ में धान है तो हंसिया भी है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के लोग इस साड़ी और चूड़ी को कमजोरी का प्रतीक नहीं मानते हम इस भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हैं और आज इसी साड़ी और चूड़ी वाली महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33 प्रतिशत आरक्षण का भी प्रावधान किया है। इसी साड़ी और चूड़ी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि प्रदान कर रहे हैं। इसीलिए अपनी 5 साल की बोई हुई अपराध की उपज पर आप हम महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ मत कीजिए। हम महिलाएं किसी भी तरह कमजोर नहीं है पर ना ही हमारी साड़ी और चूड़ी किसी कमजोरी का प्रतीक है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## जिले के 43 शिक्षकों का परिवीक्षा अवधि समाप्त

**कवर्धा।** स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत जिले में सीधी भर्ती से नियुक्त ई-संवर्ग के 43 शिक्षकों का तीन साल की सफल सेवा पश्चात परिवीक्षा अवधि समाप्ति का आदेश जारी हो गया है। छग टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक द्वारा 25 अक्टूबर को जारी आदेश में 2021 में नियुक्त हुए 43 शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त किया गया है, जिसमें कवर्धा ब्लॉक के 14, बोड़ला के 11, स/ लोहारा के 6 एवं पंडरिया के 12 शिक्षक शामिल है। परिवीक्षा अवधि समाप्त होने वाले शिक्षकों में भीमन कौशिक, केशव बंजारे, चतुर चन्द्रवंशी, पुरुषोत्तम पालेकर, शांति मेरावी, राजेश चन्द्रवंशी, गणेश पाटिल, पंकज राहंगडाले, सूरज पाली, रामशरण विश्वकर्मा, विनोद कोसरिया, सुखनंदन चन्द्रवंशी, नोहर लाल, भूभारती निर्मलकर, सूर्यकांत कुम्भकार, बिहारी लाल, रामदयाल, जितेंद्र, रोहित साहू, रूपेश सिन्हा, प्रशांत, मेघनाथ वर्मा, बालेश्वर चन्द्रवंशी, राजकमल पाण्डेय, जितेंद्र, देवेंद्र पनागर, कौशल मनोरमा चन्द्राकर, दिलकरन चंद्रसेन, लिखुराम पटेल, लता, खेमलाल साहू, मोहित देवांगन, पोखराज साहू, मंजू यादव, नारद साहू, सुरेंद्र पटेल, किशोर, मनोज ठाकुर, डेरहाराम साहू, रविशंकर यादव, रविकुमार पटेल एवं ओंकार साहू का नाम शामिल है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्थानीय विधायक व छग शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, छग शासन, संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए संबंधित शिक्षकों को बधाई दी।

## अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** राजीव युवा उत्थान योजना 2019 अंगर्गत एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे एवं व्यापम जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिले में संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के लिए वर्ष 2024-25 में 100 अभ्यर्थियों को निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानां के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर सायं 5.00 बजे तक है। आवेदन जमा करने का स्थान कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कबीरधाम कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल है। आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन सूचना पटल से अवलोकन किया जा सकता है।

### आगजनी : किसानों ने की प्रशासन से मुआवजा की मांग

# 12 एकड़ गन्ना फसल में लगी भीषण आग, फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव-धनेली खार में किसानों की 12 एकड़ गन्ना फसल आगजनी में जलकर राख हो गया। जिसमें किसान हघुरुराम साहू का एक एकड़, भुनेश्वर साहू पांच एकड़, रामभरोस साहू एक एकड़, शत्रुहन साहू एक एकड़, जोहन साहू एक एकड़, रामावतार साहू का 80 डिसमिल खड़े गन्ना फसल में अज्ञात कारणों से अचानक भीषण आग लगने के कारण गन्ना फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जिससे ग्रामीण किसानों को भारी नुकसानियों का सामना करना पड़ा।

इस भीषण आग पर ग्रामीणों द्वारा काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन आग की लपटे इतनी भीषण थी कि आसपास क्षेत्र की 12 एकड़ गन्ना फसल जलकर खाक हो गया। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को मुआवजा दिए जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों की खड़ी फसल में अज्ञात कारणो से लगी आग से मुआवजा तथा राहत मिल सकें।

### किसानों को लाखों रुपए की भारी नुकसान



ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भीषण आगजनी की लपटे इतनी विशाल व भयानक थी जिस पर काबू पाना मुश्किल था। इसके चलते आग की लपटे एक के बाद दूसरे व तीसरे खेत को अपने चपेट में लेते चले गए और देखते ही देखते 12 एकड़ की गन्ना फसल जलकर खाक में तब्दील हो गया। किसानों को लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। किसानों की मुसीबतें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं गन्ने की फसल से नुकसान भरपाई करने की आस अन्नदाता लगाए हुए हैं। परंतु क्षेत्र में इस गन्ने की फसल में भी आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रहीं हैं, जबकि गन्ने की कटाई का कार्य अभी शुरू ही हुआ है और आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं और इसमें लाखों रुपए का गन्ना जलकर खाक हो गया है।

# भाई ने भाई की हत्या की, आरोपी बोड़ला पुलिस के गिरफ्त में




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत दो सगे भाई के बीच मुआवजा राशि के बंटवारे को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में छोटे भाई ने नशे ही हालत में अपने ही बड़े भाई की निर्मम हत्या कर दी। जिस पर बोड़ला पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्परता से कार्यवाही की वहीं आरोपी हत्यारें को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

प्रार्थी काशीराम मेरावी निवासी रघुपारा से मिली जानकारी के अनुसार दोनो सगे भाई गोपाल मेरावी व भागबली मेरावी के बीच जमीन के मुआवजे के बंटवारे को लेकर लंबे समय से मतभेद था। वहीं मंगलवार की शाम लगभग 6:30 बजे गोपाल अपने छोटे भाई भागबली से बंटवारे के पैसे मांगने के लिए घर आया। इसी दौरान दोनों के बीच गरमागरम बहस हुई जो शीघ्र ही हिंसक संघर्ष में बदल गई, आवेश में आकर भागबली ने पास में रखी लोहे की कुदाली से गोपाल के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे गोपाल मेरावी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हत्या के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने इस मामले को गंभीर अपराध की गहनता को देखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश चंड द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित की गई, पुलिस ने सूझबूझ और कुशलता के साथ व्यापक खोज अभियान चलाया।

वहीं मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गन्ने के खेत में छिपा हुआ है। जिस पर बोड़ला पुलिस टीम ने गन्ने के खेत को चारों ओर से घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी से घटना में प्रयुक्त कुदाली को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1), 238 (क) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना बोड़ला प्रभारी निरीक्षक राजेश चंड, कामता प्रसाद, उमांशकर नाग, रतिराम यादव, रामचंद्र चंद्रवंशी, संतोष राज, सुरेश धुर्वे, पवन वर्मा, अमर पटेल और समस्त पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# पंचायती राज के पांच वर्ष बाद भी ग्राम सारंगपुर खुर्द विकास से कोसों दूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में पांच वर्ष पंचायती राज के बाद भी ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा के अभाव में भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम सारंगपुर खुर्द आज पांच वर्ष के बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए रहवासी ग्रामीण तरस रहे हैं वहीं विकास कार्य ग्राम सारंगपुर खुर्द से कोसों दूर हो गए हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार नव निर्मित स्कूल भवन अभी तक नहीं हो पाया है व पक्की नाली सीसी के अभाव में बरसात के दिनों में गांव की गली मोहल्लें में जलभराव की स्थिति निर्मित होने से आवागमन बाधित तथा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित होने से खपरैला व कच्ची मकान पर निवासरत ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार को भारी दिक्कते तथा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को राहत व सुविधा मिल सकें।

# डिप्टी सीएम के विशेष प्रयास से मिली सीसी रोड़ निर्माण की स्वीकृति



- 27 लाख 34 हजार की लागत से बनेगें सीसी रोड़ , वार्डवासियों ने जताया आभार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गुरूगोविंद सिंह वार्ड क्रं 26 में बुधवार को नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, पार्षद सुनील साहू, शहर मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी व वार्डवासी की उपस्थिति में अधोसंरचना मद अंतर्गत 27 लाख 34 हजार की लागत से निर्मित होने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया।

जिस पर पार्षद सुनील साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से वार्डो में विकास की गंगा बह रही है, आज वार्ड क्रं. 26 के नागरिकों की उपस्थिति में प्रारंभ हो गया। उन्होनें बताया कि नपा परिषद कवर्धा बुधवार को वार्ड क्रं 26 के पांच स्थानों में निर्मित होने वाले सीसी रोड निर्माण लागत राशि 27 लाख 34 हजार रूपए का भूमिपूजन किया गया, जिसमें वार्ड क्रं 26 में शारदा कौशिक के घर से शांति सतनामी के घर तक सीसी रोड निर्माण, विनोद निषाद के घर से गोपाल सेन के घर तक सीसी रोड निर्माण, भरत कौशिक के घर से लक्ष्मण ध्रुर्वे के घर तक सीसी रोड निर्माण, कलीराम साहू के घर से अभिषेक साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण एवं भागबली साहू के घर से गजानंद चंद्रवंशी के घर तक सीसी रोड निर्माण किया जाना है। सभी वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी सीसी रोड निर्माण नही होने से वार्डवासियों को बरसात के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था वहीं अब बरसात पूर्व सीसी रोड निर्माण होने जाने से लोगो को भारी सुविधा होगी।

वहीं सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति होने से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, पार्षद सुनील साहू का आभार व्यक्त किया।


इस दौरान शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पार्षद पवन जायसवाल, राजेंद्र सलूजा, बलबीर खनूजा, संजय देसाई, निक्की छाबड़ा, ऋतु देसाई, गोपाल सेन, मुकेश तिवारी, बिहारी ध्रुर्वे, जूठेल साहू, अमरीका साहू, लल्लू, दुर्गेश साहू, राजेश कौशिक, सूरज कौशिक, विजय साहू, अश्वनी कौशिक, दुर्गेश कौशिक, अभिषेक साहू, श्रवण साहू, मन्नू चंद्राकर, श्यामू साहू समस्त वार्डवासी गण उपस्थित थें।

## असाक्षरों को साक्षर बनाने स्वयं सेवी शिक्षकों ने पुस्तक वितरण किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला में ग्राम नोडल प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर, ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर, सर्वेयर दीपा राठौर द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से प्राप्त पाठ्यपुस्तक को स्वयंसेवी शिक्षकों राजेंद्र पटेल, रमेश कुमार पटेल, श्रीमती प्रीति पटेल, दीपक कुमार कश्यप, श्रीमती संतोषी टंडन, साधना यादव, नागेश्वरी निषाद, ओमप्रकाश निर्मलकर, दामेश्वरी पटेल, होरीलाल चंद्राकर, आरती पटेल, सुदर्शन चंद्राकर, श्रीमती सोनिया कुम्भकार, श्रीमती चन्द्रा यादव, पूजा चंद्रवंशी, श्रीमती रत्ना निषाद को शिक्षार्थियों के लिए कार्य पुस्तिका, उल्लास प्रवेशिका, स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए मार्गदर्शिका वितरण कर अपने-अपने केन्द्रो में संचालित करने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुसार भारत सरकार ने 2022-27 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम नामक एक केंद्र प्रायोजित योजना शुरू की है, जिसे उल्लास समाज में सभी के लिए आजीवन सीखने की समझ के रूप में जाना जाता है। इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्हें खुद को शिक्षित करने का अवसर नहीं मिला है और उन्हें देश के विकास में योगदान करने में सक्षम बनाना है। यह न केवल शिक्षार्थियों को पढ़ने-लिखने और अंकगणित कौशल हासिल करने की अनुमति देता है, बल्कि आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जीवन कौशल की समझ से समृद्ध भी करता है। इस योजना को स्वैच्छिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और कर्तव्यबोध की भावना को बढ़ावा देने के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इनका उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास है।

## अरहर फसल में कीट प्रकोप का लक्षण दवाई की छिड़काव में जुटें किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा खेती किसानी कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमें धान फसल की कटाई व मिजाई जोर शोर से किया जा रहा है साथ ही साथ ग्रामीण किसान अरहर फसल में कीट प्रकोप का लक्षण को देखते हुए किसान दवाई की छिड़काव में जुटें हुए है। इन दिनों किसानों के खेतों पर हरा भरा अरहर की फसल लहलहा रही है वहीं बदलती मौसम के कारण अरहर फसल में कीट प्रकोप का लक्षण फैलने लगी है जिसके कारण ग्रामीण किसान अरहर की फसल में मंहगी मंहगी दवाई का छिड़काव किया जा रहा है ताकि अरहर फसल को नुकसान न हो रहे हैं तथा अरहर फसल को बचाया जा सके। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में अरहर फसल में फूल निकलने वाला है लेकिन कीट प्रकोप के लक्षण के कारण फसल को नुकसान होने से किसान चिंतित नजर आने लगे हैं जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगे वैसे वैसे फूल आने की संभावना बनी हुई हैं।

## खड़ौदाकला में नौ दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन आज से

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम खड़ौदाकला में श्रीरामचंद्र भगवान की असीम कृपा से नौ दिवसीय नवधा रामायण का आयोजन 7 से 16 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें नौ दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण में 7 नवम्बर को ईश्वरी महाराज ग्राम आचार्य कारेसरा, 8 को रमांकात तिवारी, 9 को वेदप्रकाश महाराज, 10 को अजय मिश्रा, 11 को राम नारायण पाठक, 12 को अरूण शर्मा, 13 को श्रीमती कमलेश्वरी साहू, 14 को किशन पाठक, 15 को सागर मिश्रा व 16 नवम्बर को पूर्णाआहूती हवन के साथ नौ दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही साथ आसपास क्षेत्र के अखण्ड नवधा रामायण मानस मण्डली के साथ श्रीराम कथा गायन व प्रवचन कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ व धन्य बनाने अपील की गई। यह नौ दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण आदर्श नवयुवक समिति व हनुमंत मानस मण्डली तथा समस्त ग्रामवासी खड़ौदाकला के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अपनी सहभागिता व सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

### प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया

# जिला कांग्रेस कमेटी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश मे लगातार हो रही हिंसक घटनाओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन करते एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया, इस धरना प्रदर्शन मे बलरामपुर जिले की पुलिस अभिरक्षा में प्रताड़ना से युवक की मौत बहुत नींदनीय है। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, संत कबीर आश्रम दामाखेड़ा में उदित मुनि साहेब पर हुए हमले का विरोध किया गया। कांग्रेस के इस धरना प्रदर्शन को विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया और प्रदेश में हो रही हिंसक घटनाओं और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि बलरामपुर थाना में हुई युवक की मौत की घटना संदेहास्पद है। वहीं दामाखेड़ा के प्रकाश मुनि के आश्रम में हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संत भी सुरक्षित नहीं है आए दिन हत्या-लूट की वारदातें हो रही है, भाजपा सरकार बने 10-11 माह का कार्यकाल ही हुआ है। ऐसे में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। बलौदाबाजार, कवर्धा लोहरीडीह, सूरजपुर, बलरामपुर, दामाखेड़ा जैसे कई उदाहरण हैं, जहां बड़ी घटनाएं हुई है। प्रदेश सरकार इन घटनाओं पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है, शासन-प्रशासन गहरी नींद में है और पुलिस निष्क्रिय है।

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष होरीराम साहू, लालजी चंद्रवंशी, वीरेंद्र सिंह जांगड़े, श्रीमती सीमा अनंत, शितेश चंद्रवंशी, पीतांबर वर्मा, रामचरण पटेल,गोपाल चंद्रवंशी, चोवाराम साहू, ईश्वर शरण वैष्णव, अगम अनंत, आकाश केशरवानी, मणिकांत त्रिपाठी, गंगोत्री योगी, नीलकंठ साहू, रवि चंद्रवंशी, अशोक सिंह, मेहुल सत्यवंशी, राहुल सिंन्हा, जलेश्वर् यादव, संतोष यादव, संदीप जांगड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# किसान धान खरीदी केंद्र में धान बेचने तैयारी में जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले सहित ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण किसान इन समय अपने धान फसल उपज को बेचने के लिए धान खरीदी केंद्र के इंतजार कर रहे हैं ताकि बहुत ज्यादा धान खरीदी केंद्र में अपने उपज को बेच सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2024-25 में धान खरीदी प्रारंभ होने में अब कुछ ही दिन शेष है। पिछले वर्ष 1 नवंबर से ही धान खरीदी प्रारंभ हो गई थी, वहीं इस वर्ष 14 नवंबर से निर्धारित किया गया है जो 1 जनवरी 2025 तक चलेगा। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की धान फसल परिपक्व होकर तैयार तथा धान फसल की कटाई मिजाई के बाद बोरे में भरकर तथा नाप तौलकर करने में जुटें हुए है ताकि जल्द से जल्द धान खरीदी केंद्र ले जाकर अपनी उपज धान फसल को बेच सके। वहीं ग्राम बरबसपुर, डबराभाट, जमुनिया, नेवारी, सारंगपुर खुर्द, जेवड़न खुर्द, घुकसा, बाझीमहुआ, राम्हेपुर, चंडालपुर, सिंघनपुरी, बीजाझोरी, बिजई, दौजरी, नाऊडीह व गांगचुवा के ग्रामीण किसान धान फसल बेचने की तैयारियां में जुटे हुए है।